>

Title: The Speaker made references on thec National Doctor's Day.

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): अध्यक्ष महोदय, आज हम सभी को यह जानकारी होनी चाहिए कि आज नेशनल डॉक्टर्स डे है । बंगाल के मुख्य मंत्री डॉ. बिधान चन्द्र रॉय जिनका जन्म 1 जुलाई, 1882 और मृत्यु 1 जुलाई, 1962 को हुई थी, यानी उनका जन्म और मृत्यु का दिन 1 जुलाई था, उनको 1961 में भारत रत्न से नवाजा गया था । लिजेनडरी डॉक्टर बिधान चन्द्र रॉय के सम्मान में आज सारे देश में नेशनल डॉक्टर्स डे मनाया जा रहा है । इनका नारा ये है "the presence of the doctor is the beginning of the cure." मैं यह मुद्दा इसलिए उठाना चाहता हूं कि आज हिन्दुस्तान में डॉक्टर्स के साथ मरीजों का जिस तरह का संपर्क होना चाहिए, उसमें कई खामियां दिख रही हैं । आईए, हम सब मिलकर हिन्दुस्तान के डॉक्टर्स के साथ मरीजों का संपर्क एक रिश्तेदार की तरह बनाएं, इसके लिए कोशिश करें । डॉ. बिधान चन्द्र राय के नाम पर हिन्दुस्तान में एक सेंट्रल मेडिकल यूनिवर्सिटी हो और दिल्ली में एक रोड को उनके नाम पर नामित किया जाए, यही मेरी दरख्वास्त है ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, जैसा कि आप सभी जानते हैं कि जुलाई 01 को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है । डॉक्टरों की भूमिकाओं, महत्व और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महान चिकित्सक डॉ. बिधान चन्द्र रॉय को सम्मानित करने, पूरे चिकित्सा पेशे को सम्मान देने और हमारे जीवन में डॉक्टरों का महत्व उजागर करने के लिए मनाया जाता है ।

मैं इस मौके पर सदन की ओर से सभी को बधाई देता हूं ।